# NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE GOVERNMENT GIRLS PG COLLEGE


Capacity Building and Skills Enhancement Initiatives taken 2021-22

## Activities Undertaken by Cyber Crime Cell during 2021-22




आज दिनांक 1 दिसंबर 2021, दिसंबर माह के प्रथम बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज द्वारा साइबर जागरूकता दिवस मनाते हुए साइबरक्राइम इश्यूज एंड चैलेंज इस विषय पर एक वेबिनार का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी के संरक्षण में कराया गया इस वेबिनार में प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह आई पी एस, सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस, साइबर क्राइम, उत्तर प्रदेश पुलिस, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम क्या होता है, साइबर क्राइम क्या होता है ? कैसे होता है? और अगर किसी के साथ साइबरक्राइम हो जाए तो तो उसकी शिकायत और निवारण के लिए क्या किया जाए? इसके संबंध में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम का शिकार लोग जानकारी के अभाव में होते हैं साइबर क्राइम को रोकने के लिए इससे संबंधित जागरूकता लाना बहुत महत्वपूर्ण है यदि हम जागरूक रहेंगे तो हम इन साइबर अपराधों से बच सकेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने भी छात्राओं के लिए साइबर क्राइम संबंधी जागरूकता क्यों आवश्यक है इस इससे संबंधित अपने विचार अभिव्यक्त किए। वेबीनार का संचालन डॉ शिवानी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस विषय पर छात्राओं की शंका के समाधान हेतु प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन डॉक्टर श्वेता भारद्वाज के द्वारा किया गया। आज के वेबीनार में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के साथ 75 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

**Videos shared with students**



# Movie show on Cyber Crime







आज दिनांक 2 फरवरी 2022 को साइबर जागरूकता दिवस मानते हुए छात्राओं को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक बनाने हेतु एक ऑनलाइन मूवी शो का आयोजन किया जिसमें इसी विषय पर बनी फिल्म "रिटर्न ऑफ अभिमन्यु" दिखाई गई। यह फ़िल्म किस प्रकार हैकर्स हमारे द्वारा साझा की गई सूचनाओं का दुरुपयोग करते हैं दर्शाती है। इस मूवी शो से पूर्व, महाविद्यालय की संरक्षिका एवं प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी ने छात्राओं को बताया कि आज के तकनीकी के युग में अपराध की प्रकृति में भी परिवर्तन हुए हैं आज अपराधी साइबर फ्रॉड का सहारा लेकर लोगों को आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक रूप से क्षति पहुँचाते हैं। इन अपराधों से स्वयं को जागरूक कर के ही बचा जा सकता है और जागरूकता के लिए फ़िल्म भी एक सशक्त माध्यम है और यह फ़िल्म कैसे इस तरह के अपराध किये जाते हैं और कैसे इन से बच सकते हैं बहुत ही खूबसूरती से दर्शाती है और यह सभी छात्राओं को देखनी चाहिये। इस मूवी शो का आयोजन डॉ शिवानी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया जिसका सञ्चालन डॉ श्वेता भारद्वाज ने किया।

मूवी शो में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों के साथ छात्राओं ने बड़ी संख्या मे प्रतिभाग किया व फिल्म में दिखाई गयी विषयवस्तु की सराहना भी की।

Movie shown on following Link: http://meet.google.com/edw-hbor-hds

Source of Movie: https://youtu.be/REdVA3_ORk0.

# Talk on Rainwater Harvesting and Different dimension of Conservation (24-07-2021) under Ground Water Week

आवश्यक सूचना 22/07/2021

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन. एस. एस. की स्वयं सेवियों को साथ ही साथ महाविद्यालय के अन्य सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 16 जुलाई से 22 जुलाई तक "भू जल सप्ताह" सन 2012 से निरन्तर मनाया जा रहा है। उसी निरन्तरता में इस वर्ष 16 जुलाई से 22 जुलाई 2021 तक "भू जल - सप्ताह" मनाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत 24 जुलाई 2021 को महाविद्यालय के एन. एस. एस. द्वारा "वर्षा जल संचयन और संरक्षण के विविध आयाम" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। वर्षा जल संचयन एक महत्वपूर्ण विषय इसलिये आप सभी एन. एस. एस. एवं महाविद्यालय की अन्य छात्रायें अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. उषा मिश्रा Usha
डॉ. अरविन्द Arvind

नोट →
यह व्याख्यान आनलाइन गूगल मीट पर होगा।
जिसका लिंक →


https://meet.google.com/yuq-srnc-our

प्रनुता

## भूगर्भ जल स्तर में कमी का कारण वृक्ष हनन है - प्रो. अनुराधा तिवारी

VOC July 24, 2021

**लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में उच्च शिक्षा अनुभाग के द्वारा मनाये जा रहे "भू जल संचयन" सप्ताह के अंतर्गत "वर्षा जल संचयन संरक्षण के विविध आयाम" विषय पर एनएसएस द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता मौजूद डॉ. जयप्रकाश वर्मा ने भूमंडल, वायुमंडल जलमंडल पर मडरा रहे खतरों की जानकारी देते हुए संपूर्ण पर्यावरण संघटक तत्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने "वर्षा जल के संचयन संरक्षण विविध विधियों" के बारे में बताया। जल संरक्षण के सन्दर्भ में वृक्षों को विशेष महत्व देते हुये छात्राओं से कहा कि पौधे लगा लेने मात्र में बहादुरी नहीं है बल्कि पौधा लगाने के बाद उसका संरक्षण भी करना है। वृक्ष वर्षा कराने और जल शुद्धि करण मे पूर्ण सहयोगी होते है।



महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने जल आपदा पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुये कहा कि भूगर्भ जल स्तर में कमी का कारण वृक्ष हनन है और वृक्ष हनन के पीछे बढ़ती जनसंख्या मुख्य कारण है। यदि हम जनसंख्या की बढोत्तरी को रोक लें तो भूगर्भ जल स्तर पर उसका अच्छा प्रभाव दिखेगा। इस व्याख्यान में एन.एस.एस. के साथ साथ महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने बढ़ चढकर प्रतिभाग किया। कीर्ति सिंह, शीतल मद्धेशिया, सविता चन्द्रा, मनीषा रावत इत्यादि ने प्रश्न भी पूछे जिसका समाधान मुख्य वक्ता के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की आयोजक डॉ. उषा मिश्रा ने सभी का स्वागत - अभिनन्दन और अन्त में आभार व्यक्त किया।

## 'जल शुद्धिकरण में सहयोगी होते हैं वृक्ष'

■ एनबीटी, लखनऊः अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में उच्च शिक्षा अनुभाग की ओर से मनाए जा रहे 'भू जल संचयन' सप्ताह के अंतर्गत 'वर्षा जल संचयन संरक्षण के विविध आयाम' विषय पर शनिवार को व्याख्यान हुआ। एनएसएस की ओर से हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. जयप्रकाश वर्मा ने भूमंडल, वायुमंडल और जलमंडल पर मंडरा रहे खतरों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्राओं को बताया कि वृक्ष वर्षा करवाने और जल शुद्धिकरण में सहयोगी होते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने जल आपदा पर अपने विचार रखे।

FIT INDIA FREEDOM RUN 2.0

Azadi Ka Amrit Mahotsav

Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports

## FIT INDIA Freedom Run 2.0

# *Congratulations*

**NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE GIRLS PG COLLEGE**

FOR SUCCESSFULLY ORGANIZING THE **FIT INDIA FREEDOM RUN 2.0**

**13th Aug - 2nd Oct 2021**

#Run4India

#AzadikaAmritMahotsav

https://fitindia.gov.in

# Counselling Schedule 2021-22 under Mission Shakti

दि० - 21.8.21


## परामर्श सत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1. अगस्त माह | चतुर्थ शनिवार | डॉ० शालिनी श्रीवास्तव |
| 2. सितम्बर माह | प्रथम शनिवार | डॉ० रश्मि विश्नोई |
| | द्वितीय शनिवार | डॉ० शिवानी श्रीवास्तव |
| | तृतीय शनिवार | डॉ० विनीता लाल |
| | चतुर्थ शनिवार | डॉ० विशाखा कमल |
| 3. अक्टूबर माह | प्रथम शनिवार | डॉ० सारिका सरकार |
| | द्वितीय शनिवार | डॉ० सपना जायसवाल |
| | तृतीय शनिवार | डॉ० श्वेता भारद्वाज |
| | चतुर्थ शनिवार | डॉ० ज्योति |
| 4. नवम्बर माह | प्रथम शनिवार | डॉ० पुष्पा यादव |
| | द्वितीय शनिवार | डॉ० पूनम वर्मा |
| | तृतीय शनिवार | डॉ० पारुल मिश्रा |
| | चतुर्थ शनिवार | डॉ० मीनाक्षी शुक्ला |
| 5. दिसमबर माह | प्रथम शनिवार | डॉ० क्रान्ति सिंह |
| | द्वितीय शनिवार | डॉ० सविता सिंह |
| | तृतीय शनिवार | डॉ० उषा मिश्रा |
| | चतुर्थ शनिवार | डॉ० रश्मि अग्रवाल |

मिशन शक्ति के तृतीय चरण हेतु उपरोक्त नामित प्राध्यापक निर्धारित वार पर परामर्श सत्र संचालित कर फोटोग्राफ के साथ छात्राओं की संख्या प्रेषित करें।

प्राचार्य

# National Road Safety Week 22-28 July 2021



28/07/2021

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह
22 जुलाई उद्घाटन से 28 जुलाई 2021 तक
28 जुलाई 2021 समापन

7/29/2021 28/07/2021

वॉयस ऑफ कैपिटल

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में एनएसएस के द्वारा मनाये जा रहे वर्ष 2021 के थैमेटिक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी का स्वागत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. उषा मिश्रा ने किया। पूरे सप्ताह भर हुये कार्यक्रम की आख्या डा. अरविंद यादव (एनएसएस अधिकारी) द्वारा प्रस्तुत की गयी। 22 जुलाई से 28 जुलाई तक हुए इस कार्यक्रम में एनएसएस के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित समापन एवं शपथ ग्रहण में एनएसएस की स्वयं सेविकों के साथ महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्राचार्या ने स्वयंसेवियों के साथ सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों पर चर्चा की। छात्राओं को प्रेरित करते हुये उन्होंने कहाकि सड़क सुरक्षा के विषय मे लगभग सभी जानते है उसके बाद भी सावधानी नही बरतते है। इसलिये स्वय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों से भी करवायें। महाविद्यालय के शिक्षक डा. रश्मि बिश्नोई, डा. शिवानी श्रीवास्तव, डा. शरद वैश्य, डा. मालिनी श्रीवास्तव, डा. विनीता लाल, डा. राघवेन्द्र प्रताप, डा. जय प्रकाश, डा. मीनाक्षी शुक्ला, डा. राहुल पटेल भी उपस्थित रहे। अन्त में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. अरविंद यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों, छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डा. उषा मिश्रा ने किया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान
(22 जुलाई - 28 जुलाई 2021)

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनाये जा रहे थैमेटिक सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत आज प्रथम दिवस 22 जुलाई 2021 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ में उनका शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में करके एन एस एस की स्वयं सेविकाओं को डॉ. उषा मिश्रा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों पर आधारित व्याख्यान डॉ. अरविन्द यादव का कराया गया। आपने छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध जितनी जानकारी हो उसका अनुसरण अपने और अपनों के जीवन के लिये अवश्य करना चाहिए। इस सप्ताह के द्वितीय दिवस पर सड़क सुरक्षा पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 9 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्थान प्राप्त छात्राओं के नाम →

1. पिंकी B.A 1st y (2nd Sem)
2. प्रतिभा वर्मा B.A 3rd y. (VI Sem)
3. शीतल महेश्वरी B.Sc. 1st y (2nd Sem)


स्लोगन के निर्णायक मण्डल →
डॉ. राघवेन्द्र नारायन
डॉ. अरविन्द यादव
डॉ. उषा मिश्रा

तृतीय दिवस 24 जुलाई 2021 को कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 11 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजेता छात्राओं का नाम इसप्रकार है →
पिंकी B.A 1st y (Sem II)
ज्योती कुमारी
सरिता चौरसिया

कविता पाठ के निर्णायक →
डॉ. अरविन्द यादव
डॉ. उषा मिश्रा थी।

चतुर्थ दिवस 25 जुलाई 2021 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 13 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# Talk related to Heart Rate 25-11-2021



25 | 11 | 2021

"हृदय गति" से सम्बन्धित - व्याख्यान
साक्षात दूरदर्शन चैनल के
माध्यम से

ाज दिनाँक 25 नवम्बर 2021 को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय
हिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज लखनऊ (उ.प्र.) के राष्ट्रीय सेवा
ोजना के द्वारा दूरदर्शन चैनल के माध्यम से "हृदयगति" विषय पर व्याख्यान
ा आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य
ो. अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में कराया गया। इस व्याख्यान में हृदय की
ामान्य - असमान्य स्थिति, मधुमेह, उच्च - निम्न रक्तचाप विषय पर अर्थात
नों परिस्थितियों पर प्रकाश दूरदर्शन चैनल टीम के द्वारा डाला गया। सामान्य -
साामान्य स्थितियों हृदयगति पर किसप्रकार नियंत्रण करना चाहिए, खान - पान
ैसा होना चाहिए, हृदय के कार्य, कोलस्ट्राल इत्यादि के जानकारी स्वयं
ेवियों को दी गयी, जो आज के समय में प्रासंगिक है। इस व्याख्यान
े अवसर पर लगभग 67 छात्रायें, प्राचार्य प्रो. तिवारी, डॉ. अरविन्द,
ॉ. उषा मिश्रा एवं अमित राजशील उपस्थित रहें।

एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. अरविंद
डॉ. उषा मिश्रा



# E Lecture Quaternary Paleo Climate in Antarctica

## क्वार्टरनरी पैलियो क्लाइमेट इन अंटार्कटिका विषय पर ई-लेक्चर का आयोजन

**लखनऊ।** भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्वावधान में क्वार्टरनरी पैलियो क्लाइमेट इन अंटार्कटिका विषय पर ई- लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने डॉ शरद कुमार वैश्य के निर्देशन में ऑनलाइन प्रतिभाग किया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता डा. पी के श्रीवास्तव निदेशक जीएसआई भीमताल ने अंटार्कटिका में भारत द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अंटार्टिका के औसत तापमान, एक्सयल टिल्ट, एक्सयल प्रिशसन, आर्बिटल इंक्लिनेशन, सिरमाचर ओयसेस, प्रो ग्लैसियर लेक, लैंडलॉक्ड लेख, हाइड्रोलाइसिस, सकल ऑर्गेनिक कंटेंट के वितरण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कृतिका सिंह ने टेक्टोनिक प्लेट की गति के विषय में प्रश्न पूछ कर अपना ज्ञानवर्धन किया।

# International Yog Day 21-06-22

## छात्राओं संग टीचर्स ने किया योग

VOC June 21, 2022





**लखनऊ।** अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग किया। प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करते हुये कहाकि भारतीय ज्ञान की इस प्राचीन विधा को आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप योग को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा एक दिवस के रूप में स्वीकार किया जा गौरव की बात है।





उन्होंने कहाकि योग अन्य दिवसों की तरह मात्र एक दिवस का उत्सव नहीं है बल्कि ये हमारे जीवन जीने का ढंग है। उन्होंने प्रधानमंत्री के "योग फ़ॉर ह्यूमानिटी" को उद्धृत करते हुये कहाकि योग के माध्यम से हम रोग से लड़ते हुए मानवता की बड़ी सेवा कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने मैसूर से प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन भी सुना। पचास मिनट के योग प्रशिक्षण में पतंजलि योग पीठ की प्रशिक्षक व महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा. पुष्पा यादव ने छात्राओं सहित पूरे महाविद्यालय परिवार को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन के अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं को एनसीसी प्रभारी लेफ़्टिनेंट प्रतिमा शर्मा और प्राचार्या ने प्रमाण पत्र वितरित किये।

## Yogasan Competition on National Sports Day (29-08-21)





**Winners of Yogasan Pratiyogita 2021-22**

| | |
|---|---|
| Shivanshi Kashyap | BA III sem |
| Savita Chandra | B.com Vth sem |
| Prachi Singh | BA III sem |
| Keerti Singh | BA III sem |
| Pratibha | B A Vth sem |

**Appreciation Certificate**

| | |
|---|---|
| Ruchi Verma | BSc III sem |
| Ayushi Maurya | BA III sem |
| Reetu Chauhan | BA III sem |
| Tanu Kumari | BSc. III sem |
| Pinki | BA Vth sem |
| Mauli Srivastava | B.com III sem |



# Netaji Subhash Chandra Bose Govt. Girls P.G. College

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## Aliganj, Lucknow



Dr. Rashmi Bishnoi
Incharge, Principal

Online Student Seminar

## Women Cell

# Theme : Business Awareness

***Date & Time***

***13th June 2022, 11 am***



**Speaker - Manisha & Vivek Mishra**

**Member of Women Cell**
Dr. Poonam Verma
Dr. Sarika Sircar

**Incharge**
Dr. Vinita Lal

# कैप्टन मनोज पांडेय को दी श्रद्धांजलि

■ एनबीटी, लखनऊ: अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने गोमतीनगर में शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया। साथ ही कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कॉलेज की एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रतिमा शर्मा, कैप्टन मनोज पांडेय के पिता गोपीचंद पांडेय, प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी, जितेन नारायण मिश्रा, विनोद जोशी, सीओ श्वेता श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।



